# नागरिकता Important Questions || Class 11 Political Science Chapter 6 in Hindi ||

## 1 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 नागरिकता से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** एक राजनीतिक समुदाय की पूर्ण और समान सदस्यता जिसमें कोई भेदभाव न हो।

**प्रश्न 2 राजनीतिक अधिकारों में किन अधिकारों को सम्मिलित किया जाता है?**

**उत्तर :** अभिव्यक्ति का अधिकार, मतदान का अधिकार, चुनाव लड़ने का अधिकार, सरकारी नौकरी प्राप्त करने का अधिकार

**प्रश्न 3 नागरिकता से संबंधित प्रावधानों का वर्णन हमारे संविधान के किस खंड में किया गया है?**

**उत्तर :** तीसरे खंड

**प्रश्न 4 शरणार्थी किन्हें कहा जाता है?**

**उत्तर :** युद्ध, अकाल या प्राकृतिक आपदाओं से विस्थापित लोग।

**प्रश्न 5 बाहरी लोगों से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** जो लोग समाज और सरकार की स्वीकृति प्राप्त नहीं कर पातें।

**प्रश्न 6 'मुंबई मुंबईकर के लिए' नारे का क्या अर्थ है?**

**उत्तर :** इसका अर्थ है मुबंई में केवल मुंबई के ही लोग रहेंगे बाहर के नहीं।

**प्रश्न 7 संपूर्ण और समान सदस्यता से आपका क्या अभिप्राय है।**

**उत्तर :** नागरिकों के देश में जहां भी वे चाहें रहने, पढ़ने या काम करने का समान अधिकार एवं अवसर मिलना चाहिए।

**प्रश्न 8 शहरी निर्धनों से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** झोपडियों और अवैध कब्जे की भूमि पर बसे लोग, जो अक्सर कम मजदूरी पर काम करते हैं।

**प्रश्न 9 किसी भी नागरिक के लिए मतदाता सूची में शामिल होने की दो शर्तें कौन-सी हैं?**

**उत्तर :** (i) स्थाई निवास

(ii) 18 वर्ष की आयु

**प्रश्न 10 विश्व नागरिकता से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** जहां राष्ट्रीय सीमाएं न हो तब शरणार्थी समस्या नहीं होगी। समस्याओं के समाधान सबके समर्थन से होंगे।

## 2 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 एक नागरिक का दूसरे नागरिकों के प्रति क्या कर्त्तव्य है?**

**उत्तर :** नागरिकों का कर्त्तव्य है कि वे दूसरें नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करें। रोजमर्रा के जीवन में उन्हें सम्मिलित होने और योगदान करने का दायित्व शामिल हैं

**प्रश्न 2 रंगभेद की नीति से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** गोरे और काले लोगों के बीच भेदभाव दक्षिण अफ्रिका का उदाहरण ।

**प्रश्न 3 समान सदस्यता से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** राजसत्ता द्वारा सभी नागरिकों को चाहें वे धनी हो या निर्धन कुछ बुनियादी अधिकारों की गांरटी देना।

**प्रश्न 4 नागरिक किस प्रकार प्रतिवाद या विरोध कर सकते हैं?**

**उत्तर :** समूह बनाकर, प्रदर्शन, धरना, मीडिया का प्रयोग, राजनीतिक दलों से अपील कर या अदालत जाकर जनमत और सरकारी नीतियों को परखना और प्रभावित करना।

**प्रश्न 5 आदिवासी तथा वनवासियों के क्या अधिकार हैं?**

**उत्तर :** उन्हें उनके जीवन निर्वाह के लिए जंगल और दूसरे प्राकृतिक संसाधनों के साथ रहने का अधिकार, अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने का अधिकार।

**प्रश्न 6 "कई बार धार्मिक प्रतीक और रिवाज सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर जाते है" इस कथन का आशय स्पष्ट करें।**

**उत्तर :** छात्र इस प्रश्न का उत्तर अपने विवेक से दें।

**प्रश्न 7 नागरिकता प्राप्त करने के दो तरीके बताइए।**

**उत्तर :** राज्यकृत नागरिकता।

(i) विवाह द्वारा

(ii) नौकरी द्वारा

(ii) आवेदन द्वारा

**प्रश्न 8 नागरिकता खो जाने के दो कारण बताइए।**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर :** (i) देशद्रोही क्रियाकलाप द्वारा

(ii) विवाह द्वारा

**प्रश्न 9 लोग विस्थापित क्यों होते है दो कारण बताइए।**

**उत्तर :** अकाल, बाढ़, युद्ध, सुनामी, महामारी जैसी समस्याओं से।

**प्रश्न 10 भारत में विकास योजनाओं से विस्थापित लोगों द्वारा किए गए संघर्ष का वर्णन करों।**

**उत्तर :** सरदार सरोवर बांध का वर्णन ।